भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / Government of India

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा
TRAI

क्रमांक.ए-25/4/(27)/2025-प्र. एवं का.(कंप्यूटर नं.16561) दिनांक: 4 जुलाई, 2025

**रिक्ति परिपत्र संख्याः वाय- 01/2025-26**

**भादूविप्रा मुख्यालय, नई दिल्ली में अनुबंध के आधार पर योग प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अंशकालिक (आधे दिन) अनुबंध के आधार पर योग्य और अनुभवी योग प्रशिक्षक को नियुक्त करना चाहता है। योग प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए योग्यता, अनुभव और अन्य नियम और शर्तें निम्नप्रकार होंगीः-

**योग्यताएं, अनुभव एवं अन्य सेवा शर्तें:**

| क्र. | विवरण | | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | **योग प्रशिक्षक (पोस्ट-01)** |
| 2. | योग्यता | : | आवश्यक योग्यता<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग में स्नातकोत्तर उपाधि<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित स्नातक और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/प्रतिष्ठित संस्थान से कम से कम एक वर्ष की अवधि का योग में डिप्लोमा (स्नातक के बाद)<br>और<br>(ii) योग प्रमाणन बोर्ड से शिक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता प्रमाणपत्र (वैध प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | अनुभव | | **<u>आवश्यक अनुभव</u>**<br>किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/संस्थान में योग में न्यूनतम 3 वर्ष का नियमित शिक्षण अनुभव।<br>**<u>वांछनीय अनुभव</u>**<br>(i) व्यक्तिगत योग और कल्याण कार्यक्रम चलाने में विशेषज्ञता।<br>(ii) छात्रों की ज़रूरतों का आकलन करने और उसके अनुसार अभ्यास को संशोधित करने की क्षमता |
| 4. | मासिक पारिश्रमिक | : | ₹ 77,000/- (निश्चित) |
| 5. | अधिकतम आयु | : | रिक्ति परिपत्र की तिथि को 40 वर्ष |
| 6. | कार्य का समय | | रोजाना आधे दिन, सप्ताह में 5 दिन |
| 7. | नियुक्ति की अवधि | : | प्रारंभ में 01 वर्ष की अवधि के लिए (भादूविप्रा की आवश्यकता और प्रशिक्षक के प्रदर्शन के आधार पर वार्षिक आधार पर अधिकतम 04 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है) |
| 8. | सेवा की प्रकृति | : | (i) भादूविप्रा कर्मचारियों के लिए योग और प्राणायाम सत्र डिजाइन करना और उन्हें संचालित करना।<br>(ii) अनुकूलित कल्याण मॉड्यूल और अनुदेशात्मक सामग्री विकसित करना।<br>(iii) प्रतिभागियों की प्रगति की निगरानी करना और प्रशिक्षण रिकॉर्ड बनाए रखना।<br>(iv) शेड्यूलिंग और फीडबैक के लिए समन्वय करना।<br>(v) सौंपे गए किसी भी अन्य संबंधित कर्तव्यों का पालन करना। |
| 9. | त्यागपत्र/ सेवा समाप्ति | : | किसी भी पक्ष से दो महीने का नोटिस [या अपेक्षित अल्प अवधि से कम अवधि के लिए मासिक पारिश्रमिक का भुगतान जिसकी गणना आनुपातिक आधार पर की जाएगी।] |

3 जो योग प्रशिक्षक अपनी सेवाएं देने के इच्छुक हैं, वे निर्धारित आवेदन प्रारूप में अपना विवरण, जिसमें उनकी योग्यता, कार्य अनुभव आदि का स्पष्ट उल्लेख हो, **<u>24 जुलाई 2025</u>** तक **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण, 6वीं मंजिल, टॉवर-एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029** को योग्यता, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ भेज सकते हैं।

4. योग प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए अतिरिक्त नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं:

(क) योग प्रशिक्षक को **₹ 77,000/- (सतहत्तर हजार रुपये मात्र)** का समेकित निश्चित मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा।

(ख) योग प्रशिक्षक को सप्ताह में 5 दिन रोजाना आधे दिन के लिए टावर-एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली स्थित भादूविप्रा कार्यालय में आना होगा। योग प्रशिक्षक को भादूविप्रा कर्मचारियों के लिए योग और प्राणायाम सत्र आयोजित करना होगा।

(ग) यदि योग प्रशिक्षक किसी भी कारणवश किसी निर्धारित दिन कार्यालय आने में असमर्थ है, तो योग प्रशिक्षक को इसकी सूचना सामान्य प्रशासन अनुभाग के संबंधित अधिकारी को फोन पर समय रहते देनी होगी।

(घ) भादूविप्रा अपने कार्यालय परिसर में योग सत्र के लिए आवश्यक फर्नीचर सहित एक कमरा उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार होगा।

(ड़) योग प्रशिक्षक की नियुक्ति, शुरू में, नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। हालांकि, प्राधिकरण, भादूविप्रा की आवश्यकता और प्रशिक्षक के प्रदर्शन के आधार पर वार्षिक आधार पर इस अवधि से आगे अधिकतम 04 वर्ष तक विस्तार पर विचार कर सकता है। नियुक्ति को किसी भी पक्ष द्वारा दो महीने पहले लिखित नोटिस देकर या अपेक्षित अल्प अवधि से कम अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर मासिक पारिश्रमिक का भुगतान करके समाप्त किया जा सकता है।

(च) यह नियुक्ति ऊपर निर्धारित नियमों और शर्तों पर संविदात्मक है और इसे भादूविप्रा में अंशकालिक या पूर्णकालिक आधार पर रोजगार के रूप में नहीं लिया जा सकता है।

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। भादूविप्रा बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

*संलग्नकः यथोक्त*

**(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाष. 011-26769-631

**सूचना के लिए आंतरिक संचलन:**

1. ओएसडी, अध्यक्ष के कार्यालय, भादूविप्रा
2. सदस्य, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
3. सदस्य, भादूविप्रा के प्रधान निजी सचिव
4. सचिव, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
5. सभी प्रधान सलाहकार/ सलाहकार, भादूविप्रा [मुख्यालय]।
6. संयुक्त सलाहकार (सू.प्रौ.) - *कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करें।*
7. नोटिस बोर्ड।

सत्यमेव जयते

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
# TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
## भारत सरकार / Government of India

भादूविप्रा
TRAI

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में योग प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन प्रपत्र**

सत्यापित फोटोग्राफ

1. **पद का नाम** : **योग प्रशिक्षक** (संविदा आधार पर)
2. **आवेदक का नाम** (अंग्रेजी के कैपिटल लैटर्स में) : ..............................
3. **पिता का नाम** : ..............................
4. **आयु तथा जन्म तिथि** : आयु ............ जन्म तिथि ............
5. **पिनकोड सहित पता** (पत्राचार के लिए) : ..............................
   ..............................
   पिनकोड..............................
6. **स्थायी पता** :..............................
   ..............................
   ..............................
7. **लिंग** पुरुष ( ) महिला ( )
8. **संपर्क विवरण** : लैंडलाइन:..............................
   मोबाइल:..............................
   ईमेल:..............................
9. **शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल स्तर से शुरू)** :

कृपया लागू जानकारी दें (मार्कशीट और प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

पृष्ठ क्र..2 पर जारी

| परीक्षा का नाम (पाठ्यक्रम का पूरा नाम पारित किया) | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक | अंकों का % / सीजीपीए | विषय/ विशेषज्ञता | पाठ्यक्रम की अवधि महीने में | बोर्ड / विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल (कक्षा X) | | | | | | | |
| इंटरमीडिएट (कक्षा XII) | | | | | | | |
| स्नातक {विषय के साथ पाठ्यक्रम का नाम} ............................ | | | | | | | |
| स्नातकोत्तर {विषय के साथ पाठ्यक्रम का नाम} .......................... | | | | | | | |
| अन्य (यदि हो तो निर्दिष्ट करें) .............. ...... | | | | | | | |

10 **व्यावसायिक योग्यता** (मार्कशीट और प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

| व्यावसायिक पाठ्यक्रम का नाम (पाठ्यक्रम का पूरा नाम विशेषज्ञता सहित) | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक | अंकों का % / सीजीपीए | विषय/ विशेषज्ञता | पाठ्यक्रम की अवधि महीने में | बोर्ड / विश्वविदयालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| योग में डिग्री / डिप्लोमा | | | | | | | |
| कोई अन्य | | | | | | | |

पृष्ठ क्र..3 पर जारी

11. **नियोजन का क्रमानुसार विवरण:**
(अगर स्थान अपर्याप्त है, तो अलग शीट संलग्न करें (जहॉ उपलब्ध हो वहॉ अनुभव प्रमाण संलग्न करें)

| धारित पद | संगठन का नाम | सेवा अवधि | | कितने वर्ष और महीने की सेवा पूरी की | वेतनमान और प्रति माह वेतन | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. **वर्तमान नियोजन का विवरण**
(जहां-कहीं लागू हो)

13. **आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाणपत्रों का विवरण**:

(ए) आयु प्रमाणपत्र
(बी) डिग्री प्रमाणपत्र
(सी) डिग्री प्रमाणपत्र/ योग में डिप्लोमा
(डी) पहचान प्रमाणपत्र प्रतिः मतदाता पहचान पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंसं/ आधार कार्ड/पासपोर्ट
(ई) निवास प्रमाण पत्र की प्रति: पानी का बिल/ टेलीफोन बिल / बिजली का बिल
(एफ) नवीनतम पासपोर्ट आकार के नवीनतम दो फोटोग्राफ
(जी) योग में अनुभव प्रमाण पत्र
(एच) दो व्यक्तियों का विवरण जो आपको अच्छी तरह से जानते हों

मैं इसके द्वारा घोषणा करता/ करती हूं कि इस आवेदन में ऊपर दी गई सूचनाएं, मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है। मैं स्वीकार करता/ करती हूं कि संबंधित प्राधिकारी द्वारा मुझे इसमें उल्लिखित किसी कदाचार के लिए दोषी घोषित किए जाने पर मेरे खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक
स्थान:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)
नाम:-________________